405051 - क्या दाँत की फिलिंग में लौंग का स्वाद रोज़ा को अमान्य कर देता है?

प्रश्न

रमज़ान के महीने से पहले, मेरी एक दाढ़ में तेज़ दर्द हुआ और डॉक्टर ने उपचार के दौरान अस्थायी फिलिंग की। मेरे मुँह में जो भराव है, उसके कारण मुझे लगातार लौंग का स्वाद आता रहता है, और लार निगलते समय मैं इसे निगल लेता हूँ ; इससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल है। क्या रमज़ान के दिन के दौरान इस स्वाद की उपस्थिति और इसे अपनी लार के साथ निगलने से रोज़ा अमान्य हो जाएगा?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यदि तंत्रिका को आराम देने के लिए दाँतों की भराई के मिश्रण में लौंग का तेल मिलाया जाए, तो यह रोज़े को अमान्य नहीं करेगा, भले ही मुँह में लौंग का स्वाद महसूस हो। क्योंकि भराव से कुछ भी घुलकर नहीं निकलता है, या वह बहुत कम मात्रा में होता है जो लार के साथ मिल जाता है और उसे बाहर नहीं निकाला जा सकता। इसलिए उसे माफ (नज़रअंदाज) कर दिया जाता है, जैसे कुल्ली करने के बाद मुँह में बचे हुए पानी को माफ़ (नज़रअंदाज़) दिया जाता है, जो लार के साथ मिलकर पेट में पहुँच जाता है। और जैसे कि मुँह में मिसवाक के बचे हुए स्वाद को भी नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है।

"डॉक्टरों ने उल्लेख किया है कि मिसवाक में आठ रासायनिक पदार्थ होते हैं जो दाँतों और मसूड़ों को बीमारियों से बचाते हैं, और वे लार में घुल जाते हैं और ग्रसनी में प्रवेश करते हैं। जबकि सहीह बुखारी में आमिर बिन रबीआ रज़ियल्लाहु अन्हु से वर्णित है : मैंने अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को मिसवाक (से अपने दाँत साफ) करते देखा, जबकि वह मेरी गिनती से अधिक बार रोज़ा रखे हुए थे।

पेट में जाने वाले इन पदार्थों को इसलिए नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है ; क्योंकि वे थोड़ी मात्रा में होते हैं और उन्हें जानबूझकर नहीं निगला जाता है।" डॉ. अहमद अल-खलील की पुस्तक “मुफ़त्तिरातुस-सियाम अल-मुआसिरह” (पृष्ठ 33) से कुछ संशोधन के साथ समाप्त हुआ, डॉ. अब्दुर-रज़्ज़ाक़ अल-किंदी की “अल-मुफ़त्तिरात अत-तिब्बिय्यह अल-मुअसिरह” (पृष्ठ 165)।

यदि इन पदार्थों को माफ कर दिया जाता है, क्योंकि वे थोड़ी मात्रा में होते हैं और उन्हें जानबूझकर नहीं निगला जाता है, तो लौंग के प्रभाव को भी माफ (नज़रअंदाज़) कर दिया जाएगा, अगर यह मान लिया जाए कि भराव से कुछ हिस्सा घुल

जाता है।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।